वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 162 रविवार 6 अक्टूबर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### अर्हम ध्यान योग, जीएसटी और आयकर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सेमीनार

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की कर प्रणाली को सरल व पारदर्शी बनाने के लिए उठाए गए कई कदम

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनका कार्य केवल संख्याओं को संभालना ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स वित्तीय प्रबंधन के विशेषज्ञ होते हैं और आज की तेजी से बदलती दुनिया में उनका योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। शर्मा शनिवार को जयपुर में अर्हम ध्यान योग, जीएसटी और आयकर पर आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सेमीनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में बड़ा बदलाव आया है। गरीब कल्याण की योजनाएं, आर्थिक विकास, जीएसटी सुधार जैसे कदमों से देश ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरल आयकर रिटर्न फाइलिंग प्रक्रिया, फेसलेस असेसमेंट जैसी पहलों ने करदाताओं के लिए कर भरना आसान बनाया है। शर्मा ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद कर आधार में सुधार हुआ है, और आज लगभग 1.3 करोड़ करदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि हमें जीएसटी के माध्यम से छोटे व्यवसायियों और उद्योगों को सशक्त बनाना है, ताकि वे न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ा सकें, बल्कि देश के विकास में भी योगदान दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने स्थानीय व्यवसायों को जीएसटी के अनुपालन में मदद की, जिसके परिणामस्वरूप उनके राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि आयकर न केवल सरकार के राजस्व का एक प्रमुख स्रोत है, बल्कि यह हमारे देश के विकास और कल्याण योजनाओं को समर्थन देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में ध्यान योग के माध्यम से मानसिक शांति और एकाग्रता का अत्याधिक महत्व है। इससे हमें आत्म नियंत्रण प्राप्त होता है और हम हमारे पेशेवर जीवन में सही निर्णय लेने में सफल होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और विरासत महान है और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हमारे संत-महात्मा समाज और राष्ट्र को सही दिशा देने में निरंतर अग्रसर रहते हैं। @... पेज 12 पर



### सभी के सहयोग से सफल होगी ''राइजिंग राजस्थान'' समिट

मुख्यमंत्री ने चार्टर्ड एकाउंटेंट्स से आह्वान करते हुए कहा कि वे आगामी दिसम्बर माह में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट में अधिक से अधिक निवेश के लिए निवेशकों को प्रेरित करें क्योंकि सीए भरोसे के प्रतीक होते हैं और उनके द्वारा कही गई बात को बहुत महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही राइजिंग राजस्थान समिट सफल होगी। शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए हमें वंचित और कमजोर वर्ग की पीड़ा का अहसास करना चाहिए तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने में अपना योगदान देना चाहिए। हम समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलेंगे तो ही प्रदेश और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर जैन मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल, सेमीनार के संयोजक दिनेश जैन सहित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों की करें पालना: थानाधिकारी हरिराम वर्मा





## जीवन अनमोल है: दन्त रोग विशेषज्ञ डाक्टर राहुल जैन

**निवाई. शाबाश इंडिया**

लायन्स क्लब निवाई के तत्वावधान में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान को लेकर स्थानीय अहिंसा सर्किल एवं बस स्टैंड पर दुपहिया वाहन चालकों सहित रोडवेज की बस चालकों, जीप चालको एवं राहगीरों को फूल देकर यातायात सुरक्षा एवं पंपलेट वितरित करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी।इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोक सोगानी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही से कई बड़े हादसे हो जाते हैं। जिससे कई परिवारों के दीपक बुझ जाते हैं। थानाधकारी हरिराम वर्मा ने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अनमोल है।यातायात नियमों की जानकारी नहीं होने से आए दिन दुर्घटनाएं बढ रही है यातायात नियमों की पालना नहीं करने से कई लोगों की जाने जा चुकी है । उन्होंने आहवान करते हुए कहा कि स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें एवं और लोगों को भी यातायात नियमों की जानकारी देवे। उन्होने बताया कि दुर्घटना व आपातकालीन स्थिति में घायल व्यक्ति की सहायता करने व घायल को अस्पताल पहुंचाने पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की जायेगी। लायंस क्लब के कोषाध्यक्ष डाक्टर राहुल जैन एवं प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि अहिंसा सर्किल पर लोगों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने एवं यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करनें एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करनें। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करनें। दुपहिया वाहन पर केवल दो व्यक्ति बैठने वाहन को निर्धारित गति चलानें। वाहन चलाते समय उचित दूरी बनायें रखनें एवं किसी भी प्रकार का नशा करके वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन क्लब सेकेट्री महेन्द्र जैन ने लोगों को सडक सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलवाई।प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह नही पूरे साल भर इस तरह के अभियान चलाया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगो को इस विषय में जानकारी हो।इस अवसर पर लॉयन्स क्लब के अध्यक्ष अशोक जैन सचिव महेंद्र जैन लावा कोषाध्यक्ष डाक्टर राहुल जैन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद सोगानी संरक्षक लॉयन हुकमचंद जैन सीताराम स्वामी दिनेश चंवरिया पारसमल पहाड़ी विनय कासलीवाल विमल जौला हितेश छाबड़ा बालचंद सभनानी अरविंद जैन सर्वेश त्रिवेदी भंवरलाल सीडदा. एवं यातायात प्रभारी किशन चौधरी टी आई सांवरमल सहित कई पदाधिकारी एवं यातायात कर्मी मौजूद थे।

# सहजता,सरलता व सादगी की प्रतिमूर्ति युवाचार्यश्री महेन्द्रऋषिजी: कंचनकंवरजी म.सा.

## युवाचार्य महेन्द्रऋषिजी म.सा. की जयंति सामायिक साधना करके मनाई

**सुनील पाटनी.शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा । श्रमण संघ के युवाचार्य महेन्द्रऋषिजी म.सा. के गुणों के बारे में जितना कहा जाए कम होगा। वह आगम के ज्ञाता होने के साथ सहजता,सरलता व सादगी की प्रतिमूर्ति है। उनके दर्शनों के लिए जो भी उनके पास आता था उसे जिनशासन की सेवा के लिए प्रेरणा प्रदान करते है। साधना व स्वाध्याय के प्रबल प्रेरक ऐसे युवाचार्यश्री दीर्घायु होकर सदा संघ-समाज की सेवा करते रहे ओर मार्गदर्शन प्रदान करते रहे यहीं भावना रखते है।ये विचार श्रमण संघ के प्रथम युवाचार्य पूज्य श्री मिश्रीमलजी म.सा.'मधुकर' के प्रधान सुशिष्य उपप्रवर्तक पूज्य विनयमुनिजी म.सा.'भीम' की आज्ञानुवर्तिनी शासन प्रभाविका पूज्य महासाध्वी कंचनकुंवरजी म.सा. ने शनिवार को युवाचार्य महेन्द्रऋषिजी म.सा. की जयंति के अवसर पर व्यक्त किए।जयंति के अवसर पर श्रावक-श्राविकाओं द्वारा दो-दो सामायिक की साधना करने के साथ युवाचार्यश्री के दीर्घायु होने की मंगलकामना की गई। प्रखरवक्ता साध्वी डॉ. सुलोचनाश्री म.सा. ने कहा कि युवाचार्य महेन्द्रऋषिजी म.सा. का पूरा जीवन जिनशासन के लिए समर्पित होने के साथ अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है। वह ज्ञानवान होने के साथ सभी को धर्म का संदेश प्रदान करते हुए जैन संस्कारों के अनुरूप जीवन जीने की सीख प्रदान करते है। पूज्य कंचनकंवरजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में बापूनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर 9 दिवसीय महामंगलकारी नवग्रह जाप का आयोजन शनिवार को भी जारी रहा। इसके तहत पूज्य मुनिसुव्रतस्वामी भगवान का जाप किया गया। नवरात्र में प्रत्येक दिन सुबह 8.40 बजे से नवग्रह जाप पूज्य महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में हो रहा है।जाप के बाद प्रवचन हो रहा है।नवग्रह जाप जीवन के विध्न बाआओं को दूर करने के साथ सुख शांति लाता है।इस जाप को शुद्ध भावों के साथ करने वालों की मनोकामना पूर्ण होती है। जाप के लाभार्थी चंचलकुमार ललितकुमार सुनीलकुमार




कर्णावट परिवार बापूनगर रहा। श्रीसंघ के मंत्री अनिल विश्लोत ने बताया कि महासाध्वी मण्डल की प्रेरणा से बापूनगर की पावन धरा पर पहली बार जैन आगम यात्रा 13 अक्टूबर को निकाली जाएगी। आगम यात्रा सुबह 8.30 बजे लाभार्थी इंदुलताजी अमितजी आशाजी चौधरी परिवार के निवास से शुरू होकर महावीर भवन पहुंचेगी। अतिथियों का स्वागत श्रीसंघ के अध्यक्ष कमलेश मुणोत व संरक्षक लादूलाल बोहरा ने किया।

# 03 से 13 अक्टूबर, 2024 तक दस दिवसीय अखंड जिनसहस्त्रनाम पाठ का आयोजन




**कुलचाराम, हैदराबाद. शाबाश इंडिया**

तेलांगना के प्रियाग्र अतिशय क्षेत्र कुलचाराम पारसनाथ एवं अन्तर्मना साधना महोदधि आचार्य चतुर्विध संघ के मणिकांचन संयोग पर विश्व इतिहास में प्रथम बार दस दिवसीय अखंड जिनसहस्त्रनाम पाठ, भगवत जिनेन्द्र महाअर्चना एवं मंत्रानुष्ठान महोत्सव हो रहा है। 03 से 13 अक्टूबर, 2024 उत्कृष्ट सिंह निष्क्रीडित व्रत कर्ता, साधना महोदधि, उभय मासोपवासी अन्तर्मना



आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज के ससंघ सान्निध्य एवं सौम्य मूर्ति उपाध्याय मुनि श्री पीयूष सागरजी महाराज के कुशल निर्देशन में यह आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर आचार्य प्रसन्नसागर महाराज ने कहा कि तीन के भाग्य का धन सबको मिलता है। बहिन बेटी के भाग्य का धन सन्त महात्मा के भाग्य का धन, और गौ माता के भाग्य का धन। यदि घर में बेटी ने जन्म लिया, तो उसके भाग्य का धन पिता को जरूर से मिलेगा। गौ माता के भाग्य का धन। गाय को यदि एक रोटी खिलाई है, तो उसके भाग्य का पुण्य जरूर मिलेगा। सन्त महात्मा को एक गिलास पानी भी पिलाया है, तो उसके भाग्य का पुण्य जरूर मिलेगा। परन्तु बेटे का भाग्य का धन, पिता को कभी नहीं मिलता..।

**–नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**

# चंद्रपुरी दिगम्बर जैन मंदिर में हुई भक्तामर स्तोत्र पाठ के द्वारा 48 दीपकों से महाआरती



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे के चन्द्रपुरी दिगम्बर जैन मंदिर में सांयकाल महावीर प्रसाद -श्रीमती मुन्नी देवी अजमेरा परिवार की अगुवाई में सकल दिगम्बर जैन समाज के सहयोग से भक्तामर स्तोत्र के 48 काव्यों के द्वारा 48 दीपकों से महाआरती कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि उक्त कार्यक्रम में चंद्रपुरी दिगम्बर जैन मंदिर के संरक्षक चम्पालाल जैन, ओमप्रकाश बजाज, सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा,सुरेश गंगवाल, मंदिर समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र झंडा, अशोक नला, सुनिल गंगवाल, बाबूलाल पहाड़िया, पवन गंगवाल, सुनील बजाज, अविनाश पहाड़िया, नरेंद्र झंडा तथा राजाबाबू गोधा सहित महिला मंडल की संतरा बजाज, गीता नला, मुन्ना अजमेरा, चित्रा गोधा,गेंदी झंडा,मैना नला, रेखा गंगवाल, शोभा पहाड़िया,प्रिया गंगवाल,किरण पहाड़िया, एवं रचित पहाड़िया सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

# भक्ति भक्त को भगवान बना देती है : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी जिला - टोंक ( राज. ) में धर्म की महती प्रभावना कर रही है । प्रतिक जैन सेठी ने बताया की ननवरात्रि एवं दशहरा महोत्सव के पावन अवसर पर दस दिवसीय आराधना महोत्सव के अंतर्गत तीसरे दिन भक्तामर दीपार्चना करने का अवसर रामपाल जी निवाई , अशोक सौगानी सेठी कॉलोनी, पवन चौमूबाग जयपुर सपरिवार ने प्राप्त किया। प्रतिक जैन सेठी ने बताया की भगवान श्री शांतिनाथ के श्री चरणों की शांतिधारा करने का सौभाग्य कैलाशचंद रजवास वाले मालवीय नगर जयपुर, विमल पंवालिया वाले , अशोक गंगवाल चाकसू सपरिवार ने प्राप्त किया। पूज्य माताजी ने सभी को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि - भक्ति भक्त को भगवान बना देती है। देव - शास्त्र - गुरु की भक्ति करना चाहिए। इनकी भक्ति तात्कालिक फल को देने वाले होती हैं। बस जरूरत है उसमें श्रद्धा का पासवर्ड डालने की। अपने भक्ति रुपी कार्ड में श्रद्धा रुपी पासवर्ड डालेंगे तो पैसा रुपी फल अवश्य मिलेगा। तिजारा, नगीना, फिरोजपुर से आये हुए यात्रीगणों ने पूज्य गुरु माँ का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया ।

## वेद ज्ञान

### कर्म करो फल की इच्छा मत करो

स्पर्धा के इस युग में जनसाधारण हो या स्कूल का विद्यार्थी शॉर्टकट तरीके अपनाकर सफलता के शीर्ष पर पहुंचना चाहता है। जबकि सफलता प्राप्ति के दो सबसे बड़े अवरोधक हैं। पहला, हर कार्य को पूरा करने में शॉर्टकट खोजना और दूसरा, तुरंत फल-प्राप्ति की लालसा। सच्चाई यह है कि जीवनरूपी धारा जिन दो किनारों के बीच होकर प्रवाहित होती है, उसका एक किनारा सफलता है तो दूसरा असफलता भी है। हरेक विद्यार्थी को अपने विद्यार्थी-जीवन में किसी न किसी मोड़ पर असफलता का सामना करना ही पड़ता है। तब जरूरत होती है अपने आप को सहज रखते हुए अपने भीतर इच्छाशक्ति जाग्रत करने की और एक नए जज्बे को पैदा करने की। अपनी जिंदगी में सफलता की इबारत लिखने वाले व्यक्ति दीर्घकालिक चिंतक होते हैं, वे प्रतिकूल परिस्थितियों को दोषी न ठहराते हुए जीवन में आने वाली हरेक चुनौती को सहर्ष स्वीकार करते हैं। किंतु जो विद्यार्थी जीवन में आने वाले उतार-चढ़ावों को अपनी नियति व भाग्य समझ लेते हैं, उनके लिए कोई भी औपचारिक व प्रतियोगी परीक्षा ही नहीं, बल्कि जिंदगी की हरेक चुनौती फोबिया बन जाती है। संचार माध्यमों की बेतहाशा वृद्धि और सोशल मीडिया के आभासी संसार ने युवाओं के दिमाग की एकाग्रता को भंग करने में विशेष भूमिका अदा की है। इंटरनेट की लत ने विद्यार्थियों के समय प्रबंधन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में सब कुछ आसानी से उपलब्ध है। अगर कुछ दुर्लभ है तो वह है विद्यार्थियों में साहस के साथ चुनौतियों का सामना करने का जज्बा। इस जज्बे के द्वारा ही विद्यार्थियों में समग्र व्यक्तित्व-विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। क्या उपयोगी हैं और क्या अनुपयोगी? इतनी समझ और इतना विवेक किसी विद्यार्थी के अंदर एक कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक ही जाग्रत कर सकता है, पर दुख की बात है कि सोशल मीडिया के इस दौर में शिक्षण संस्थानों का बाजारीकरण हो गया है और शिक्षक को प्रोफेशनल के तौर पर देखे जाने की वजह से मौजूदा दौर को नैतिक मूल्यों के बिखराव का संक्रमण-काल माना जा रहा है। इन्फोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति मानते हैं कि रटकर पास होने की वजह से विद्यार्थियों में विश्लेषण क्षमता, शोधपरकता, इनोवेशन के प्रति कल्पनाशीलता की बेहद कमी दिखाई देती है।

## संपादकीय

# उचित सीख दी सुप्रीम कोर्ट ने...

वर्ष 2024 के लोक सभा चुनावों के दौरान राजनीतिक बढ़त हासिल करने की हताश कोशिश में दोनों प्रमुख राजनीतिक ताकतों सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी कांग्रेसनीत 'इंडिया' गठबंधन ने विभाजनकारी राजनीतिक भाषणों के जरिये देश की विविधता को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने उस समय इस ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया जब उसने आंध्र प्रदेश के



मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को फटकार लगाई। यह फटकार नायडू के इस आरोप के लिए लगाई गई कि प्रदेश की पिछली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार के कार्यकाल में तिरुपति के लड्डुओं में पशुओं की चर्बी का इस्तेमाल किया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि नायडू को 'ईश्वर को राजनीति से दूर रखना चाहिए', खासकर ऐसे समय में जब मामले की जांच चल रही है और परीक्षण की जो रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं वे प्रथम दृष्टया ऐसा संकेत नहीं देती हैं कि लड्डुओं में पशुओं की चर्बी है। परंतु लाखों हिंदुओं की गहरी धार्मिक आस्थाओं से जुड़े एक मुद्दे पर देश की सबसे बड़ी अदालत का पर्यवेक्षण जल्दी शांत नहीं होगा। इस विवाद ने विश्व हिंदू परिषद की उस पुरानी मांग के लिए आग में घी का काम किया है जिसके तहत वह चाहती है कि मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाए। अब उसने इसके लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान छेड़ने की बात कही है। संयोग से यह विवाद उस समय सामने आया है जब हरियाणा तथा जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनाव हो रहे हैं और महाराष्ट्र और झारखंड में जल्द चुनाव होने हैं। राजनेताओं के लिए सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना और नफरती भाषणों तथा धार्मिक और जातिवादी बातें करना एकदम आम हो चुका है। भारतीय निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता के पहले बिंदु में कहा गया है, किसी राजनीतिक दल या प्रत्याशी को ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए कि जो विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक या भाषाई समूहों के बीच तनाव पैदा करे, आपसी नफरत को बढ़ावा दे या पहले से मौजूद तनावों को और बढ़ाए। इस बिंदु में यह भी कहा गया है, वोट हासिल करने के लिए जातियों या संप्रदायों से किसी तरह की अपील नहीं की जानी चाहिए और मस्जिद, चर्च, मंदिर या अन्य उपासना स्थलों को चुनावी प्रचार का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए), 1951 की धारा 123 (3) में कहा गया है कि धर्म, जाति, नस्ल, समुदाय या भाषा के आधार पर वोट मांगना भ्रष्ट चुनावी आचरण में आता है। आरपीए की धारा 8 (ए) के अनुसार अगर कोई व्यक्ति चुनाव में भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया जाता है तो उसे छह साल के लिए चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित किया जा सकता है या छह साल के लिए मतदान करने से भी रोका जा सकता है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# खेती की सुध

बढ़ती आबादी के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती है। जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव सबसे अधिक खेती-किसानी पर देखा जा रहा है। हर वर्ष अन्न उत्पादन बढ़ाने की राह में मुश्किलें बढ़ रही हैं। ऐसे में कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन की दरकार महसूस की जाती रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की कृषि क्षेत्र के लिए एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की दो नई परियोजनाओं को मंजूरी मिलने से स्वाभाविक ही इस क्षेत्र में कुछ बेहतरी की उम्मीद जगी है। टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के मकसद से सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना नामक दो नई योजनाएं शुरू की हैं। हालांकि इस क्षेत्र के लिए पहले से कई योजनाएं चल रही हैं। कृषि कर्ज और फसल बीमा को सुविधाजनक बनाया गया है। किसानों की प्रोत्साहन राशि बढ़ा कर छह हजार से दस हजार रुपए प्रति वर्ष कर दी गई है। इनके बीच दो नई योजनाएं शुरू होने से खेती-किसानी में कुछ बेहतरी की संभावना बन सकती है। सरकार ने इस वर्ष तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था। वह वादा पूरा तो नहीं हो पाया, पर कुछ तरक्की के संकेत जरूर मिले हैं। देखना है, नई योजनाएं इस वादे को पूरा कर पाने में कितनी और कहां तक मददगार साबित होती हैं। सरकारी दावों के बरक्स जमीनी हकीकत कुछ अलग है। स्थिति यह है कि खेती लंबे समय से घाटे का उद्यम बन चुकी है। बहुत सारे क्षेत्रों में सिंचाई की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहां किसानों की मानसून पर निर्भरता है। फिर, खेती में लागत काफी बढ़ गई है। बीज, उर्वरक और कीटनाशकों आदि की कीमतें बहुत सारे किसानों की पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। फसलों के उचित दाम नहीं मिल पाते। लागत और लाभ में काफी अंतर है। कुछ फसलें लागत से भी कम कीमत पर बेचनी पड़ती हैं। सरकार हर वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा तो करती है, मगर उस कीमत पर भी अनाज बाजार में नहीं बिक पाता। बिचौलिए उससे काफी कम कीमत पर फसल खरीदते हैं। नगदी फसल उगाने वाले किसानों को अक्सर अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी मौसम की मार से फसलें चौपट हो जाती हैं, तो कभी बाजार में उतार और मांग कम होने के कारण उन्हें औने-पौने दाम पर फसल बेचनी पड़ती है। हर वर्ष किसानों को प्रतिरोध में फसलें सड़कों पर फेंकते देखा जाता है। इस स्थिति से पार पाने में ये योजनाएं कितनी सफल होंगी, यही उनकी कसौटी होगी। किसान लगातार मांग करते रहे हैं कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दी जाए और इसके दायरे में और फसलों को लाया जाए। इस मांग को लेकर किसान लंबे समय तक आंदोलन भी कर चुके हैं। मगर इस पर सरकार का रुख सकारात्मक नहीं देखा गया। सरकार कृषि को व्यवसाय का दर्जा देने की बात सैद्धांतिक रूप से तो करती रही है, मगर व्यावहारिक स्तर पर उसकी कृषि नीतियां प्रश्नों के दायरे में बनी रही हैं। दरअसल, किसानों की समस्या तदर्थ उपायों से दूर नहीं होने वालीं। टिकाऊ कृषि के लिए व्यापक स्तर पर और व्यावहारिक उपाय करने की जरूरत है। इसके लिए उत्पादन, भंडारण, विपणन आदि खेती-किसानी के हर पहलू पर भरोसेमंद कदम उठाने होंगे। नई योजनाएं इस जरूरत को कहां तक पूरा कर पाएंगी, देखने की बात है।

# भक्ति भाव से श्रद्धालु ने की भइया जी की गोद भराई

## थूवोनजी कमेटी ने किया दीक्षार्थीयों का बहुमान, वैराग्य हो तो राह पर चलना बहुत कठिन कहा है : भइया जी



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया।** शहर के शिक्षा विद रहे सन्तोष सर के पूज्य पिता श्री ब्रह्मप्रकाश जी भइया जी एवं ब्रह्मचारी प्रकाश भइया जी की भव्य जैनेश्वरी दीक्षा सुगाह नगरी फीरोजाबाद में राष्ट्रसंत आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज के परम शिष्य अभीक्ष्य ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज के कर कमलों से होने जा रही है जिनकी गोद भराई का कार्य क्रम आज सुबह सुभाष गंज जैन मन्दिर में भक्ति भाव के साथ किया गया इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र श्रागर कोषाध्यक्ष सुनील अखाई संयोजक उमेश सिघई सहित सभी प्रमुख जनो के साथ ही माता वहनों व परिवार जनों ने गोद भराई की रस्म को भक्ति भाव के साथ पूरा किया।

### दीक्षार्थीयों का थूवोनजी कमेटी ने किया सम्मान



दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा गोशाला अध्यक्ष दिनेश मैदापुर ने श्री ब्रह्मप्रकाश जी भइया एवं प्रकाश भइया का पीत पट्टिका स्मृति चिन्ह श्री फल भेंट कर बहुमान करते हुए उनकी मोक्षमार्ग यात्रा के लिए शुभ कामनाएं दी। मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि मुरैना जिले के चांदपुर में जन्मे श्री ब्रह्मप्रकाश जी ने अपने भरें पूरे परिवार को छोड़ कर मोक्षमार्ग पर चलने का निर्णय लिया आपके सुपुत्र सन्तोष सर वर्धमान कालमेंट में अपने सेवा देते हुए आज सरकारी सेवा में है आपके परिवार से पूर्व में जैनेश्वरी दीक्षा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

### संकल्प की शक्ति से आगे बढ़ते चले जाते हैं

इस दौरान भइया जी ने कहा कि मोक्ष मार्ग कठिन नहीं है इस मार्ग पर चलने के लिए संकल्प की शक्ति चाहिए जिसका आत्मविश्वास दृढ़ हो और आगे बढ़ने की ठान लें वह मोक्ष मार्ग पर बढ़ता चला जाता है यहां कुछ भी नहीं करना है वस जो राग द्वेष के कारण मिले उनमें उलझन नहीं है वल्कि दूर रहते हुए अपनी साधना को बढ़ते चले गए।


# डॉ. सत्यवान सौरभ और प्रियंका सौरभ प्रेस क्लब द्वारा सम्मानित

## 'स्वतंत्र पत्रकारिता और उत्कृष्ट साहित्य लेखन के लिए महात्मा गांधी पुरस्कार', देवबंद प्रेस क्लब ने सहारनपुर में 2 अक्टूबर 2024 पुरस्कार वितरित किए








**देवबंद (सहारनपुर). शाबाश इंडिया**

उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब ने विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों को उनके योगदान के लिए अपने वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष के पुरस्कार विजेताओं में डॉ. सत्यवान सौरभ और प्रियंका सौरभ को स्वतंत्र लेखन और साहित्य एवं संस्कृति में उनके योगदान के लिए महात्मा गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष मुमताज अहमद ने कहा कि, पत्रकारिता का काम आसान नहीं है। खासकर महिलाओं के लिए, बावजूद इसके प्रियंका सौरभ जी इन परिस्थितियों में भी स्वतंत्र लेखन के जरिये देशभर में दूसरों के लिए प्रेरणा बनी हैं। वरिष्ठ पत्रकार ओमवीर सिंह ने कहा, सौरभ दम्पति द्वारा समाज हित के लिए स्वतंत्र पत्रकारिता को चुनना, बहुत बड़ी बात है। संघर्ष और सक्रियता के दम पर दोनों ने देशभर में अपनी पहचान बनाई है। पुरस्कार के तहत इनामी राशि, प्रशस्ति पत्र और एक विशिष्ट हस्तकला कृति प्रदान की गई। विदित रहे कि डॉ. सत्यवान सौरभ और प्रियंका सौरभ लंबे समय से स्वतंत्र पत्रकारिता और साहित्य सेवा को समर्पित हैं। दोनों की विभिन्न विधाओं में दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और कई प्रकाशनधीन हैं। यही नहीं, ये दश विदेश के हजारों हिंदी, अंग्रेजी और अन्य भाषाओं के अखबारों और पत्रिकाओं के लिए नियमित तौर पर संपादकीय लेखन करते हैं। इनकी इस विशेष उपलब्धि के लिए क्षेत्र के साहित्य और पत्रकारिता प्रेमियों के साथ-साथ आमजनों ने बधाई दी है।

# व्रत मे सावधानी रखे गर्भवती महिलाये



**डॉ संध्या यादवः प्रसूति एवं स्त्री रोग विषेषज्ञ, पूर्व सीनियर रेजिडेंट, बी एच यू**

नवरात्रि की शुरूआत हो गई है और चारों ओर मां की भक्ति का माहौल है अगर गर्भवती महिला नवरात्र के दौरान व्रत रखना चाहे तो उसे अत्यंत सावधानी बरतने की आवश्यकता है। व्रत के दौरान इसका प्रभाव केवल मां पर ही नहीं अपितु होने वाली संतान पर भी पड़ता है। पहली तिमाही में गर्भवती महिला व्रत न रखे तो अच्छा होगा क्योंकि लंबे समय तक भूखा रहने पर जी मिचलाना एवम् उल्टी की समस्या हो सकती है। साथ ही तीसरी तिमाही में व्रत के साथ चक्कर आने का खतरा हो सकता है। गर्भवती महिला को यदि कोई अन्य संक्रमण है तो वो व्रत ना रखे। व्रत के दौरान गर्भ में भ्रूण की हलचल पर ध्यान दें तथा कुछ परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टरी परामर्श लें। पूरी तरह स्वस्थ्य गर्भवती महिला को ही नवरात्र का व्रत रखना चाहिए। गर्भावस्था में महिला का शरीर पूरा पोषण चाहता है और ऐसे में उसे संतुलित आहार की आवश्यकता होती है। ज्यादा तली भूनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। व्रत के दौरान गर्भवती महिला को हर दो घंटे में कुछ ना कुछ पौष्टिक चीजें (फल, दूध एवं सूखे मेवे) का सेवन करना चाहिए। साथ ही अधिक से अधिक पानी और नारियल पानी का सेवन करे। उचित होगा कि व्रत रखने से पूर्व गर्भवती महिला को चिकित्सक की भी सलाह ले लेनी चाहिए।



# संघीजी प्रीमियर लीग-2024 की ट्रॉफी का हुआ विमोचन

**सांगानेर. शाबाश इंडिया**

05 अक्टूबर 2024, श्री सुधासागर नवयुवक मण्डल सांगानेर द्वारा कई सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अब खेलकूद की दिशा में भी कदम बढाये है। इसी क्रम में रविवार दिनांक 06 अक्टूबर 2024 को इन्फीनिटी बोक्स क्रिकेट टूफ स्टेडियम में संघीजी प्रीमियर लीग बोक्स चैम्पीयनशिप लीग-2024 का एक टूर्नामेंट रखा गया है, जिसमें जयपुर शहर की विभिन्न कालोनीयों की 12 टीमें भाग ले रही है। कम्प्यूटर एवं डिजिटल खेलों के जमाने में लोगों को फिजिकली खेलो की प्रति अपनी रूचि बनाने के लिये ऐसे आयोजनों का होना अति आवश्यक है, और सुधासागर नवयुवक मण्डल ने परम पूज्य गुरूदेव निर्यापक श्रमण मुनिश्री 108 सुधासागरजी महाराज की पावन प्रेरणा एवं आशीर्वाद से यह आयोजन किया जा रहा है। इस लीग मेच में कई प्रकार के पुरस्कार भी वितरण किये जायेगें। जिसमें विजेता टीम का ट्रोफी के साथ साथ 11000/- रू. का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। एक रनर पुरस्कार होगा जिसमें ट्रोफी के साथ 7000/-रू. का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। श्री सुधासागर नवयुवक मण्डल के युवा एवं कर्मठ अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक विजय बज ने बताया कि ऐसे सुन्दर आयोजन में विजेता टीम एवं रनर को जो ट्रॉफी प्रदान की जायेगी। उन ट्रॉफियो का आज संघीजी मन्दिर सांगानेर में सांगानेर वाले बाबा के श्री चरणों में विमोचन किया गया। सभी खिलाडियों ने बडे उत्साह के साथ इस चमचमाती हुई ट्रॉफी के साथ अपनी जीत की मंगलकामना की।



**प्रेषकः विजय बज अध्यक्ष, सुधासागर नवयुवक मण्डल सांगानेर।**



# बॉक्सिंग में लिटिल फ्लावर विद्यालय ने राज्य स्तर में तीसरा स्थान प्राप्त किया



**नरेश सिगची. शाबाश इंडिया**

रावतसर। स्थानीय लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सूरतगढ़ रोड़ स्थित राज्य स्तर पर बॉक्सिग प्रतियोगिता में भाग लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है 19 वर्षीय गरिमा पूनिया ने ब्रोज मेडल प्राप्त कर हनुमानगढ़ जिला का जहां मान बढ़ाया है वहीं रावतसर तहसील का भी खेलो में परचम फहराया है इस बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 14 वर्षीय तक्ष्य इशराम , मनीषा बुंगलिया सुचना कंवर आदि बच्चो ने भाग लिया जिसमे गरिमा पूनिया ने ब्रोज मेडल प्राप्त किया है। इसी तरह सेप कटकरा प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर खेल कर पूनम बलिहारा सत्रह वर्षीय में स्कूल का नाम रोशन किया है। राज्य स्तर पर खेलकर ब्रोज मेडल प्राप्त कर टीम का स्कूल में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया व स्कूल के सभी बच्चों ने रंग गुलाल उड़ा कर पटाखे बजा कर, मिठाई बांट कर के विजेता टीम का स्वागत किया । स्कूल के निदेशक पी डी शर्मा सहित लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभी स्टाफ ने भी विजेता बच्चों का माला पहना कर स्वागत किया ओर उज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की। जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 14 वर्षीय टीम में अभिनव ने सिल्वर, तनीषक, नवदीप, हार्दिक, अरविंद, कनिष्क,ने ब्रोज मेडल प्राप्त किया है जिससे बच्चो में खेल खुद के प्रति जागरूकता पैदा हो रही है।

# पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, कानकी का शताब्दी महोत्सव समारोह 8 से 18 अक्टूबर तक

**कनकी. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य समाधि सम्राट राष्ट्रसंत गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनिराज एवम पट्टाचार्य चर्या शिरोमणि श्री 108 विशुद्ध सागर जी महामुनिराज के मंगल आशीर्वाद से भारत गौरव, झारखण्ड राजकीय अतिथि श्रमण मुनि श्री 108 विशल्यसागर जी महाराज के सानिध्य एवं आशीर्वाद से श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर , कानकी में शताब्दी महोत्सव बड़े धूमधाम से दिनांक 08 अक्टूबर 2024 से 18 अक्टूबर 2024 से मनाया जायेगा। इसी बीच शताब्दी महोत्सव के पवन प्रसंग पर 24 समोशरण कल्पद्रुम महामंडल विधान एवम विश्वशांति महायज्ञ होने जा रहा है। इस महा महोत्सव में 24 चक्रवर्तियां के द्वारा महा आर्चना होगी, 24 ही समोशरण लगेंगे । यह एक महापूजा है जो चक्रवर्ति के द्वारा की जाती है। कानकी जैन समाज का महा सौभाग्य जागा क्योंकि इसे महा महोत्सव में प्रभु और गुरु दोनों का मंगल सान्निध्य प्राप्त हुआ। सुबह विधान / पूजन एवं सायं कालीन पू . गुरुदेव की मंगल होती एवं संस्कृतिक कारीक्रम भी होगे कवि सम्मेलन, मंगलाचरण, पू . गुरुदेव की जीवनी पर नाटिका आदि-आदि कार्य भी होंगे।






# कैकेई की हट ने दिलवाया राम को 14 वर्षों का बनवास

**विराटनगर. शाबाश इंडिया**

कस्बा स्थित रामलीला मैदान में श्री अवधेश कला केंद्र रामलीला मंडल के तत्वावधान में चल रही 17 दिवसीय रामलीला मंचन में शुक्रवार को राम बनवास की लीला दिखाई गई। मंडल के कोषाध्यक्ष मामराज सोलंकी ने बताया कि लीला प्रसंग के अनुसार अयोध्या महाराजा दशरथ ने अपनी वृद्धावस्था और चौथेपन को देखते हुए अपने बड़े पुत्र राम को अयोध्या के राज सिंहासन पर बिठाने की इच्छा से गुरु वशिष्ठ के आश्रम में जाकर आज्ञा मांगी। राजा के विचार सुनकर गुरु वशिष्ठ ने अपनी सहमति देकर आशीर्वाद प्रदान किया। जैसे ही राजा ने राम को राज सिंहासन सौंपने की तैयारी करी, पृथ्वी पर निशाचरो के बढ़ते आतंक और प्रकोप को देखकर विधाता ने दासी मंथरा की बुद्धि का हरण कर उसी मंथरा के माध्यम से कैकेई को उकसाने तथा कान भरने का कार्य कर कोप भवन में भेज दिया। जहां उसने राम की जगह भरत को राज देने का सॉन्ग रचा। राजा को जब इस बात का मालुम चला तो उन्होंने कैकेई से कोप भवन में जाकर रूठने का कारण पूछा, और उसे मनाने का प्रयास किया। मौका पाकर राजा को विश्वास में लेते हुए कैकेई ने धाती में सुरक्षित रखे हुए अपने दोनों वरदान राजा से मांग लिया। जिसमें पहला राम की जगह भरत को राज तिलक और दूसरा राम को 14 वर्ष का वनवास। यह सुनकर दशरथ बहुत दुखी हुए। परंतु सूर्यवंशी कुल की आन,बान,शान को देखकर महाराजा अपने दिए हुए वर से विचलित नहीं हुए। रानी की बातों पर विश्वास करके राजा को बहुत पश्चाताप हुआ, परंतु यह सब विधाता की लीला थी। श्री राम ने यह सुनकर वन जाने का निश्चय किया, परंतु जैसे ही भ्राता लक्ष्मण व सीता को इस बात का मालूम चला तो उन्होंने भी राम के साथ बन जाने की हट की। राम ने उन दोनों को बहुत समझाया परंतु उनकी हट के आगे राम की नहीं चली। और इस प्रकार राम, लक्ष्मण सीता सहित तीनों ने गुरु वशिष्ठ ,माता कौशल्या और सुमित्रा से आज्ञा लेकर वनकल वस्त्र धारण कर वन की ओर निकल पड़े। इस दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। इससे पूर्व शिव धनुष टूटने का समाचार सुन क्रोधित परशुराम ने राजा जनक की सभा में आकर इसका कारण जानना चाहा जिसके दौरान लक्षण और परशुराम के मध्य होने वाले संवाद सहित राम विवाह की लीला दिखाई गई। लीला मंचन के मध्य आयोजित मां दुर्गा की भव्य झांकी में आगंतुक अतिथि तहसीलदार तनवीर सिंह सिंधु, भाजपा मंडल संयोजक महेंद्र सैनी, भाजयुमो अध्यक्ष हेमराज सैनी, शिक्षाविद प्रेम प्रकाश कुंभकार, सहित अन्य महानुभावों ने मां दुर्गा की आरती उतारी। मंडल के सदस्यों द्वारा आगंतुक अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर तथा भगवान राम का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। लीला मंचन में पवन बरीठ ने दशरथ, प्रदीप शर्मा ने राम, गणेश हिंदू ने लक्ष्मण, गोविंद शर्मा ने सीता, प्रहलाद इंदौरिया ने वशिष्ठ, नरेश कुमार ने कैकेई, मुकेश सैनी ने सुमंत ने किरदार निभाया।



# माध्यमिक विद्यालयों की मंडलीय वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोज संपन्न



**भगवान दास शर्मा 'प्रशांत'. शाबाश इंडिया**

इटावा। जन सहयोगी इंटर कॉलेज पृथ्वीपुर, इटावा में मंडल स्तरीय वालीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कानपुर मंडल की सभी जिलों की टीमें आई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रबंधक यशवर्धन चौधरी ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। प्रतियोगिता में अंडर-19 सीनियर बालिका वर्ग में कानपुर नगर की टीम विजेता तथा मेजवान जन सहयोगी इंटर कॉलेज पृथ्वीपुर इटावा की टीम उपविजेता रही,अंडर-19 सीनियर बालक वर्ग में कन्नोज की टीम विजेता तथा औरैया की टीम उपविजेता रही। जूनियर बालिका वर्ग, अंडर-17 में इटावा की टीम विजेता तथा कानपुर नगर उप विजेता रही। सब जूनियर बालक अंडर 14 वर्ग में कानपुर नगर विजेता तथा इटावा उपविजेता, सब जूनियर अंडर 14 बालिका वर्ग में इटावा विजेता तथा कानपुर नगर की टीम उप विजेता रही। मैच निर्णायक की भूमिका में अंकित तिवारी,हिमांशु,कोशलेंद्र यादव, देवेंद्र कुमार, मनोज कुमार,धर्मेंद्र कुमार,विमल कुमार,भगवान दास, आदि उपस्थित रहे अंत में पुरस्कार वितरण समारोह के अंतर्गत मेडल तथा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।




## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# युवा से युवाचार्य बनना सहज नहीं है: महासती अणिमाश्री







## एएमकेएम में युवाचार्य महेंद्र ऋषि का 58वां जन्मदिवस मनाया गया

**चैन्नई. शाबाश इंडिया**

एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ तमिलनाडु के तत्वावधान में शनिवार को चातुमार्सार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी महाराज का 58वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर खरतरगच्छीय गणिवर्य मनीषप्रभ सागरजी, उपप्रवर्तिनी कंचनकंवर जी, महासती डॉ. प्रतिभाश्रीजी, महासती राजमतिजी का सान्निध्य भी मिला। इस दौरान मुनिश्री हितेंद्र ऋषिजी ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि युवाचार्यश्री भले ही युवाचार्य बन गए हैं लेकिन वे जीवन में सरलता, सहजता लिए हुए है। जब मैं वैराग्य में आया तब युवाचार्य भगवंत ने कहा मुझे गुरुदेव नहीं पुकारना है, गुरुदेव तो आचार्य आनंद ऋषिजी ही होंगे। उन्होंने कहा महापुरुषों की विशेषता है कि वे कोई कार्य पीछे नहीं छोड़ते हैं। आज के दिन यह संकल्प लें कि साधु के बारे में कोई नकारात्मक सोच नहीं रखेंगे। इस मौके पर महिला महासंघ की सदस्याओं और आनंद जैन विद्यालय तांबरम की छात्राओं ने भाव भरे गीत प्रस्तुत किए। महासंघ के संयोजक महावीरचंद रांका ने सबका स्वागत करते हुए युवाचार्यश्री की दीघार्यु की कामना की। महासंघ के चेयरमैन भीकमचंद लुंकड़, स्वागताध्यक्ष सज्जनराज तालेड़ा ने भी अपने भाव प्रकट किए। महासती अणिमाश्रीजी ने कहा कि युवा से युवाचार्य बनना सहज नहीं है। हम उन्हें तहे दिल से बहुत-बहुत बधाई देते हैं। उन्होंने जन्मोत्सव गीतिका की प्रस्तुति भी दी। स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस दिल्ली के अध्यक्ष आनंदमल छल्लाणी ने श्रमण संघ की एकता व अखंडता का संकल्प लिया। कांफ्रेंस के पूर्वाध्यक्ष पारस मोदी व नेमीचंद चोपड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मधुकर ग्रुप की ओर से महासती विनयश्रीजी ने शुभकामना देते हुए कहा कि आज का यह पावन प्रसंग खुशियों की सौगात लेकर आया है। महासती दिव्ययशाश्रीजी ने कहा कि युवाचार्यश्री के जीवन जीने का ढंग निराला है। हमें उनके ह्रदय से जुड़ना है। यही उनके प्रति सच्ची भेंट होगी। गणिवर्य मनीषप्रभ सागरजी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सबसे ज्यादा महत्व गुरु को दिया गया है। हमारे जीवन की शुरूआत गुरु से ही होती है, जो दूसरों के कल्याण की भावना रखकर जीते हैं। जन्मदिन मात्र भाषण देकर नहीं मनाना है। गुरु के प्रति अहोभाव होना चाहिए और तर्क वितर्क का स्थान नहीं होना चाहिए। जिस संघ में समर्पण की भावना आ जाए, वह संघ आगे बढ़ जाता है। महासती डॉ. प्रतिभाश्रीजी ने कहा कि भक्त के हृदय में गुरु का विशेष स्थान रहता है। उससे ज्यादा भाग्यशाली कोई नहीं है। जिनका जीवन जयवंत होता है, उनकी जन्म जयंती मनाई जाती है। महापुरुषों के गुणों का वर्णन करना सूर्य को दीपक दिखाना है। युवाचार्यश्री का जीवन आध्यात्मिकता से ओतप्रोत हो। हम उनके गुणों को आत्मसात करें। इस सुनहरे अवसर पर हम शुभ कामना करते हैं कि वे चिरायु, दीघार्यु हो। पुनः उनका आगमन यहां हो। उन्होंने महासंघ के अध्यक्ष सुरेश लुनावत को चातुर्मास की असीम सफलता व दक्षिण भारतीय अनमोल रत्न पद से अलंकृत होने पर बधाई दी। युवाचार्यश्री ने इस मौके पर कहा कि जब हम संघ के प्रत्येक सदस्य को गले लगाते हैं तब ही संघ की चहुंमुखी प्रगति कर सकते हैं। संत चाहे छोटे हो या कोई पदाधिकारी हो, भाव से उनकी वैयावच्च करनी चाहिए। हमारे महापुरुषों ने बहुत त्याग कर श्रमण संघ को सींचा है। श्रमण संघ अकेला संघ है जो एक संत हो, बुजुर्ग संत हो या कोई भी सिंघाड़ा के संत हो, उनकी सेवा करता है। महासंघ के मंत्री धमीचंद सिंघवी ने कहा कि आज हमारा सौभाग्य है कि युवाचार्यश्री का 58वां जन्मदिवस मनाने का सुअवसर मिला है। उन्होंने बताया कि इस चातुर्मास की यात्रा दो वर्ष पूर्व शुरू हुई, जो आज शिखर पर पहुंची है। हम युवाचार्यश्री के मंगलमय जीवन की शुभ कामना करते हैं। उन्होंने चातुर्मास के दौरान पूर्व में हुए व आगे आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा यह चातुर्मास सभी चातुर्मासों से आध्यात्मिक रूप से अलग है। उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस के कई पूर्वाध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी 11 अक्टूबर को महासती राजमतीजी के सान्निध्य में दीक्षित होने वाली मुमुक्षु दीपिका जैन का सम्मान हुआ। मुमुक्षु ने भी अपने विचार रखे। चातुर्मास के दौरान बीस या उससे अधिक व्रत धारण करने वाले 358 श्रावक- श्राविकाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान मुनिश्री धवल ऋषिजी, वैरागी शिवम बाफना, कार्फ्रेस के चेयरमैन रमनलाल लुंकड़, नेमीचंद चोपड़ा, अविनाश चोरड़िया, पारस मोदी, आंनद छल्लानी, पोपट ओस्तवाल एसएस जैन संघ साहुकारपेट के प्रकाश खिवसरा, संजय पींचा, इंदौर के रमेश भंडारी ने भी अपने भाव प्रकट किए। अनामिका कुलदीप तलेसरा ने श्रमण संघीय आचार्य शिवमुनि का बधाई संदेश पढ़कर सुनाया। युवाचार्य भगवंत आदि ठाणा के 2025 का आगमी चातुर्मास पनवेल (मुंबई) घोषित हुआ। इस मौके पर तमिलनाडु अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य प्रवीण टाटिया सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। सुरेश लूनावत ने सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

# नेट-थियेट पर राजस्थानी लोक सांझ म्हारे महला नीचा सा, लगाई दयो हरिया बाग

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज राजस्थानी लोकगीत सांझ में कार्यक्रम में उभरते लोक गायक संग्राम सिंह खींची और वीरेंद्र सिंह खींची ने अपनी सुरीली आवाज से राजस्थानी लोकगीतों की ऐसी अविरल धारा प्रवाहित की सुधि श्रोता आनंद के हिलेरी लेने लगे। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार संग्राम और वीरेंद्र ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत लोकगीत बाई सा रा बीरा जैपर जाजो सा, आता तो लाईजो तारा री चुनरी को बहुत ही मस्ती भरे अंदाज में प्रस्तुत कर लोगों को आनंदित किया। इसके बाद उन्होंने जल भरियो हिलोरा खाए तनिया रेशम की फिर थोड़ो सो लुडजा लाल जी थोड़ो सो झुक जाए नीम की निंबोली एंड एंड जाए लोकगीत सुनाया तो लोग मंत्र मुग्ध हो गए। उसके बाद उन्होंने बहुत ही प्रसिद्ध लोकगीत म्हारे महला निचा सा लगाई दयो हरिया बाग और अंत में केला की कामली स कईया मारू री को बड़े ही मनोयोग से गाकर राजस्थान की लोक संस्कृति को समृद्ध बना दिया। इनके साथ हारमोनियम पर प्रसिद्ध कलाकार गोपाल सिंह खींची ने अपनी सुरीली संगत से इस संध्या को खुशनुमा बना दिया साथ ही तबले पर साहिल खान देवराति ने अपनी उंगलियों का जादू चलाकर दर्शक की तालियां बटोरी। संयोजक नवल डांगी, कैमरा मनोज स्वामी, संगीत विनोद सागर गढवाल एवं प्रकाश वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने किया। मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।



# श्री महावीर कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी "उड़ान-2024" का आयोजन






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर कॉलेज में शनिवार दिनांक 5 अक्टूबर 2024 को महावीर सभागार में फ्रेशर्स पार्टी ''उड़ान -2024'' में उमंग और जोश के साथ न्यूकमर्स स्टूडेंट्स का स्वागत किया गया। फ्रेशर्स पार्टी मे नव-आगन्तुक विद्यार्थियों का परम्परागत तरीके से तिलक लगाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथी श्रीमती कुसुम यादव (मेयर-जयपुर हेरिटेज नगर निगम), महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल संघी, मानद मंत्री सुनील बख्शी, उपाध्यक्ष मुकुल कटारिया, सयुंक्त सचिव कमल बाबू जैन, कोषाध्यक्ष महेश काला, राजेन्द्र बिलाला एवं शिक्षा परिषद के अन्य गणमान्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलन द्वारा किया । कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ हुई कार्यक्रम के मुख्य अतिथी श्रीमती कुसुम यादव (मेयर-जयपुर हेरिटेज नगर निगम) का स्वागत तिलक लगाकर, माला एवं शॉल पहनाकर कर किया गया। संस्था के अध्यक्ष उमरावमल संघी ने स्टूडेन्टस को सम्बोधित कर भविष्य मे आगे बढने का आर्शीर्वाद दिया । मुख्य अतिथी श्रीमती कुसुम यादव (मेयर-जयपुर हेरिटेज नगर निगम) ने अपने अभिभाषण से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया एवं उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित किया। फ्रेशर्स ने उत्साह के साथ' कलर फूल कार्निवल ' थीम पर रैम्प वॉक करके अपना परिचय दिया। मिस्टर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की गई जिसमे रैंपवाक, परिचय, टेलेंट राउंड और प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता थी। कार्यक्रम मे कॉलेज के बी कॉम, बीबीए, बी.सी.ए, बी.ए., बी.वी.ए, एम.कॉम , एम बी ए , एम सी ए के विद्यार्थियों ने न्यूकमर्स के स्वागत के लिये बॉलीवुड फ्यूजन, मैजिकल सालसा, पंजाबी बीट्स आदि गानों पर प्रस्तुतियां दी। कॉलेज के प्राचार्य डा. आशीष गुप्ता ने छात्र छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया। अंत में प्रतियोगिता के जज सौमित्र दास (सिंगर), हर्षिका बत्रा (मिस राजस्थान 2024 ) ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए जिसमें याशिका पराशर को मिस फेशर और साहिल लालवानी को मिस्टर फ्रेशर से नवाजा गया। संस्था के अध्यक्ष उमराव मल संघी, मानद मंत्री सुनील बख्शी एवं शिक्षा परिषद के सदस्यों ने सभी विजेताओं को शुभकामनायें प्रेषित की।

**डॉ आशीष गुप्ता, कॉलेज प्राचार्य**

# धूमधाम से निकली महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा, मूर्ति का हुआ अनावरण





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अग्रसेन जयंती के तहत महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई।इस मौके पर काफी संख्या में समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों का अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। अध्यक्ष नटवरलाल गर्ग एवं महामंत्री दिलीप अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा टेंपो स्टेंड खातीपुरा रोड से प्रारंभ हुई। बैंडबाजे के साथ निकली इस शोभायात्रा को पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं पूरण अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई समिति के निमार्णाधीन भवन पहुंची,जहां पर जेईसीआरसी के चेयरमैन सीए ओपी अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का चित्र अनावरण किया। यहां से यह शोभायात्रा पुनः रवाना कर हनुमान वाटिका में विसर्जित हुई जहां पर आरती की गई। शोभायात्रा में सभी महिलाएं एक तरह की साड़ियों में यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी।शोभायात्रा का अग्रबंधुओ ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।इस मौके पर उपाध्यक्ष महेश मोदी, संगठन मंत्री रवि कुमार अग्रवाल, संरक्षक सुरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष फतेहलाल अग्रवाल, प्रचार मंत्री गजानन अग्रवाल, कार्यकारणी सदस्य सुनील रिंग्सया, विनोद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, महेश पोद्दार, विष्णु अग्रवाल,गिरधारी अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, महिला अध्यक्ष सावित्री अग्रवाल, सचिव मंजू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनीता अग्रवाल, माया अग्रवाल व रुचिका अग्रवाल सहित अग्रबंधुओं ने काफी संख्या में भाग लिया।

# मेयर कुसुम ने महिलाओं का किया उत्साहवर्धन




## रक्त शक्ति क्लब की ओर से सिंदूर संग खेला डांडिया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रक्त शक्ति क्लब की ओर से यहां सिंदूर संग डांडिया खेला गया। जिसमें जयपुर नगर निगम हैरिटेज की कार्यवाहक मेयर कुसुम यादव अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मेयर कुसुम ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्त शक्ति क्लब आगे भी ऐसे ही कार्यक्रम करता रहे। वह हर संभव सहयोग करेंगी। वहीं विशेष अतिथि वार्ड 25 से पार्षद पूनम शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. ओपी टांक के अनुसार क्लब सदस्य विधु, पूजा, बिजीया, निर्मला, अंजू, पिंकी, प्रतिभा के सहयोग से डांडिया सफलतापूर्वक रहा। प्रोग्राम की जूरी मेंबर रुचि, शालिनी, ज्योति, जया, दीपम के सहयोग से विजेता घोषित किए गए। फाउंडर डॉ. अपर्णा शर्मा ने सभी आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# कटरा इतवारी खां जैन मन्दिर में मनाया वार्षिक कलशाभिषेक महोत्सव, भक्तों ने किया प्रभु का अभिषेक



**आगरा. शाबाश इंडिया**

5 अक्टूबर को नाई की मंडी स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर कटरा इतवारी खां में वार्षिक कलशाभिषेक महोत्सव का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3:00 बजे भक्तों ने अष्ट द्रव्यों के साथ श्रीजी की पूजन के साथ किया ।श्रीजी की पूजन के बाद विधानाचार्य आशुतोष जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में श्रीजी की प्रतिमा को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर स्वर्ण कलशों से अभिषेक सम्पन्न किया। कलशाभिषेक के समापन पर मन्दिर समिति ने सभी भक्तों के लिए वात्सल्य भोज की व्यवस्था की गई। सांय 7:00 बजे संगीतमय प्रभु की मंगल आरती की गई। रात 8:00 बजे से अहिंसा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा एक शाम चंद्रप्रभु के नाम भजन संध्या आयोजित की गईजिसमें विशाल जैन एवं बबिता जैन ने मधुर जैन भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मन्दिर के अध्यक्ष निर्मल मौठया,सुरेंद्र बैनाड़ा राकेश सेठी,वीरेंद्र मौठया,अनिल मौठया,अजय बैनाड़ा,मोहनलाल कासलीवाल,अशोक बैनाड़ा,प्रमोद रांवका,अनिल रांवका,शुभम जैन समस्त कटरा इतवारी खां के अलावा आस-पास की शैलियों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ द्वारा गरीब बच्चों को फल बांटे



**जयपुर.शाबाश इंडिया**

सामाजिक कार्यक्रम की श्रृंखला मे 5 अक्टूबर को शिप्रा पथ मानसरोवर स्थित कच्ची बस्ती के बच्चो को ग्रुप अध्यक्ष सुनील-मुनिया सोगानी के सौजन्य से फल, बिस्कुट आदि बांटे। ग्रुप सचिव विशुतोष चांदवाड़ एवं सामाजिक कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अजय बड़जात्या ने बताया कि ग्रुप की स्थापना 5 अक्टूबर 2003 को हुई थी 21 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर 21 सामाजिक कार्यक्रम कर रहे है इस अवसर पर ग्रुपके संस्थापक अध्यक्ष मनीष झाँझरी, अध्यक्ष सुनील सोगानी, कोषाध्यक्ष सुकेश काला, पदम कुमार सोगानी, सुनील जैन, श्रीमती किरण झांझरी, श्रीमती मुनिया सोगानी, श्रीमती बबिता जैन, श्रीमती मनोरमा सोगानी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# शेष बची हुई ज़िंदगी को सार्थक बनाने के लिए पंचइंद्रियों पर करना होगा नियंत्रणः मुनि पावन सागर




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन मंदिर जनकपुरी - ज्योतिनगर में शनिवार शाम मुनि श्री 108 पावन सागर महाराज ससंघ का दुगार्पुरा से मंगल प्रवेश हुआ। मुनि श्री का मंदिर जी में द्वार पर प्रबंध समिति द्वारा पाद प्रक्षालन व महिलाओं द्वारा मंगल आरती कर अगवानी की गई ।मुनि श्री ने आदमी के भाग्य व कर्म के बारे में समझाते हुए दान का महत्व समझाया तथा कहा कि शेष बची हुई ज़िंदगी को सार्थक बनाने के लिए पंचइंद्रियों पर नियंत्रण करना होगा। प्रबंध समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि मुनि संघ रविवार को मुख्य मंत्री निवास पर क्षमा महोत्सव में सानिध्य प्रदान करेंगे।

# आध्यात्मिक दृष्टिकोण से आत्म-उन्नति के लिए अर्हम ध्यान एक महत्वपूर्ण मार्ग है: मुनि प्रणम्य सागर महाराज

## सीए प्रोफेशन द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में दिए जा रहे योगदान तारीफे काबिल: मुख्यमंत्री

### अर्हम ध्यान योग, जीएसटी, और आयकर सेमिनार का भट्टारक जी की नसियां में हुआ आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नारायण सिंह सर्किल स्थित दिगम्बर जैन भट्टारक जी की नसियां के तोतूका सभागार में अर्हम ध्यान योग, जीएसटी, और आयकर से संबंधित सेमिनार का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन अर्हम ध्यान योग के प्रणेता मुनि 108 प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में किया गया। मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सीए प्रोफेशन द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में दिए जा रहे योगदान की सराहना की और ''राइजिंग राजस्थान 2024'' में सीए समुदाय की सक्रिय भागीदारी का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि सीए प्रोफेशनल्स के कार्य से न केवल सरकारी नीतियों का क्रियान्वयन सुदृढ़ होता है, बल्कि आर्थिक स्थिरता में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान है। मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने अपने उद्बोधन में जीवन में ''अर्हम भाव'' को आत्मसात करने और जीवन मूल्यों पर बल देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक दृष्टिकोण से आत्म-उन्नति के लिए अर्हम ध्यान एक महत्वपूर्ण मार्ग है। आर एस एस के प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने अपने उद्बोधन में मनुष्य की अपने देश, समाज और मानवता के प्रति ज़िम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाने पर बल दिया। उन्होंने भारतीय संस्कृति की महत्ता को संपूर्ण विश्व में फैलाने के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी से इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आवाहन किया। मुख्य वक्ता सीए (एडवोकेट) जतिन हरजाई ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय की व्याख्या की और जीएसटी की धारा 73 और 74 के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सदस्यों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने इन धाराओं के तहत व्यापार और करदाता के अधिकारों और दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की। सीए (डॉ.) गिरीश आहूजा ने आयकर कानून में ट्रस्ट/एनजीओ आदि से जुड़े नये बदलावों पर प्रकाश डाला और बदलते कानूनों के संदर्भ में ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने वित्तीय संस्थानों और संगठनों के लिए इन संशोधनों के प्रभाव पर भी गहन चर्चा की। इस सेमिनार में धर्मार्थ ट्रस्टों, सोसायटी और गैर सरकारी संगठनों से संबंधित महत्वपूर्ण आयकर और वात्सल्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, वित्त अधिनियम 2024 में हुए हालिया संशोधनों और जीएसटी मूल्यांकन में सामने आ रहे प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, जीएसटी अधिनियम में हुए नवीनतम संशोधनों पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्म के संयोजक सीए दिनेश जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया। इस मौके पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधान्शु कासलीवाल, श्री मुनि संघ सेवा समिति बापूनगर के अध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। सेमिनार में राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, राजस्थान जैन सभा जयपुर के महामंत्री मनीष बैद, चेतन जैन निमोडिया सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।




# कूकस जैन मंदिर का वार्षिक मेला शुरू, आज होंगे मुनि श्री समत्व सागर जी के सानिध्य में कलशाभिषेक व विधान पूजन



**कूकस, जयपुर. शाबाश इंडिया।** मुनि श्री समत्व सागर जी महाराज ने आज कूकस मंदिर में प्रवचन करते हुए कहा कि आज आवश्यकता है कि सभी जैन सिद्धांतो को आत्मसात करते हुए जैन मंदिरों का सरंक्षण करे। मंत्री प्रदीप गोधा ने बताया कि मुनि श्री समत्व सागर जी महाराज एवं मुनि श्री शील सागर जी महाराज आज प्रातः आमेर से विहार कर दिग जैन अतिशय क्षेत्र चंद्रप्रभु जी कूकस के वार्षिक मेला के अवसर पर सानिध्य प्रदान करने हेतु मंगल प्रवेश किया। मुनि श्री का पाद प्रक्षालन प्रवीण निशी जैन एवं शास्त्र भेट प्रबंधकारिणी के सदस्यो ने किया । मुनि श्री के सानिध्य में मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना एवं ध्वजा श्रेष्ठी श्रीमती छुट्टन देवी कमल चंद मनोरमा देवी चंदवाड़ परिवार ने की। दोपहर में मंडल पर श्री चंद्रप्रभु विधान की पूजा संपन हुई। रात्रि में भक्ति संध्या का आयोजन हुआ जिसमें प्रसिद भजन गायक पूनम चंद गोधा, अशोक पांड्या, अशोक गंगवाल,विमल पाटनी सुभाष बज सुनील पांड्या, मीनू सौगानी आयुष , आरुषि जैन के भजनों ने सभी को भक्ति रस में रंग दिया।



# मरीजों को मिले मुफ्त उपचार व जांच सुविधाओं का लाभ

## समय पर उपस्थित रहे स्टाफः जिला कलक्टर लोक बंधु

रोहित जैन.शाबाश इंडिया



अजमेर। जिला कलक्टर लोक बंधु ने जवाहर लाल नेहरू अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए हैं की चिकित्सालय में उपचार के लिए आने वाले समस्त मरीजों का इनडोर एवं आउटडोर में निःशुल्क जांच व चिकित्सा सुविधाओं का समस्त लाभ मिले। अस्पताल के चिकित्सक व स्टाफ पूरा समय एवं नियमित रूप से ड्यूटी पर उपस्थित रहे। अस्पताल में साफ-सफाई एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए पूरे इंतजाम रहें। जिला कलक्टर लोक बंधु ने शनिवार को जेएलएन चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. अरविन्द खरे ने उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया। जिला कलक्टर ने चिकित्सालय की आपातकालीन इकाई के वार्ड एवं सीएमओ कक्ष का अवलोकन किया तथा मरीजों से इलाज संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समस्त प्रकार की दवाईयां, जीवन रक्षक दवाईयां, जीवन रक्षक उपकरण, जांचे आदि 24 घंटे उपलब्ध व कार्यशील रखने के लिए निर्देशित किया। समस्त चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ, आदि को ड्यूटी पर उपस्थित रहने के लिए पाबन्द किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय परिसर में फैले हुए मलबे को तत्काल हटाने एवं सफाई के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया गया। चिकित्सालय के रंग रोगन, शौचालयों की रिपेयर, छतों एवं दीवारों के प्लास्टर एवं सीलन की रिपेयर के लिए निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने चिकित्सालय के ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त किए जाने के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए। 24 घंटे चिकित्सालय के सम्पूर्ण भीतरी एवं बाहरी परिसर की नियमित सम्पूर्ण सफाई के लिए निर्देश भी दिए गए। शौचालयों की भी 24 घंटे नियमित सफाई के आदेश प्रदान किए। चिकित्सालय के किचन के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि भोजन निर्माण के दौरान स्वच्छता व हाइजीन का ध्यान रखा जाए एवं गुणवत्ता वाला ताजा भोजन मरीजों उपलब्ध कराया जावे। अस्पताल में जहां भी मरम्मत की आवश्यकता है वहां आरएमआरएस से प्रस्ताव लेकर कार्य करवाया जाए। वार्डों में रोशनी का विशेष ध्यान रखा जाए। जिला कलक्टर लोक बंधु ने मेल ऑर्थोपेडिक वार्ड-प्रथम का निरीक्षण किया तथा भर्ती मरीजों से वार्तालाप किया। उन्होंने उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उनके समस्त मरीजों को उपचार के समय पर दिए जाने, ऑपरेशन समय पर किए जाने तथा इम्प्लान्ट्स आदि की उपलब्ध अविलम्ब करने के लिए पाबन्द किया ताकि ऑपरेशन योग्य मरीजों को असुविधा नहीं हो। जिला कलक्टर द्वारा ओपीडी आदि स्थानों पर नई बैंचें, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर आदि की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता किए जाने के लिए कहा ताकि मरीजों को असुविधा नहीं हो। इस संबंध में चिकित्सालय अधीक्षक ने अवगत कराया कि शीघ्र ही नई बैंचेज तथा व्हीलचेयर, स्ट्रेचर ओपीडी एवं अन्य स्थानों पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। जिला कलक्टर द्वारा दवा वितरण काउंटर्स का भी अवलोकन किया गया एवं दवाईयों पर अंकित मैन्युफैक्चरिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट से संबंध में अवलोकन किया। उन्होने निर्देशित किया कि सभी दवाईयां सभी डीडीसी पर उपलब्ध रहें तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने नवनिर्मित शिशु रोग भवन का अवलोकन किया। स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत चल रहे कार्यों तथा बजट घोषणान्तर्गत सुपर स्पेशलिटी के संबंध में चिकित्सालय अधीक्षक द्वारा प्रगति से अवगत कराया गया। जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की सभी जनहितैषी योजनाओं एमएनडीवाई, एमएनजेवाई, आरजीएचएस, जेएसएसवाई आदि के सुचारू संचालन के निर्देश प्रदान किए तथा सभी चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ को ड्यूटी के समय में ओपीडी, आईपीडी, लैब, दवा वितरण काउंटर्स आदि कार्यस्थलों उपस्थित रहने के लिए पाबन्द किया। निरीक्षण के समय अधीक्षक डॉ अरविंद खरें, अतिरिक्त अधीक्षक डॉक्टर जी.सी. मीणा, उप अधीक्षक डॉक्टर अमित यादव, लैब प्रभारी डॉक्टर कमलेश तनवानी, डॉक्टर दीपक गर्ग एवं वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ नर्सिंग अधीक्षक यशोदा एवं वरिष्ठ नर्सिंग इंचार्ज मौजूद थे।




# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल ने आयोजित किया ब्रस्ट केंसर अवेयरनेस शिविर

## एच. सी. जी. अस्पताल मानसरोवर के सहयोग से हुआ आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सेवा सप्ताह की अनमोल खुशिया बिखेरते हुए लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा ब्रस्ट केंसर अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत एच. सी. जी. केंसर अस्पताल मानसरोवर में एक टाक शो का आयोजन किया जिसमें डॉ. मीता जैन कंसल्टेंट रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ने सभी उपस्थित आगंतुकों व महिलाओं को बहुत ही सरल भाषा मे ब्रस्ट केंसर के कारण, बचाव व उपचार की बहुमुल्य जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि एक महिला स्वस्थ होती है तो पूरा परिवार स्वस्थ रहता है। अस्पताल के असिस्टेंट मैनेजर सेल्स डॉ. कृष्ण कुमार गौड़ ने बताया कि एच. सी. जी. अस्पताल द्वारा समय समय पर इस तरह के निःशुल्क शिविर आयोजित करता आया है, ताकि लोग केंसर से बिना डरे, उपचार कर सके, व केंसर को खत्म कर सके। एच. सी. जी. अस्पताल की तरफ से निःशुल्क मेमोग्राफी, पेप टेस्ट की जांचे भी की जाती है। उक्त कार्यक्रम में लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। लायंस क्लब के सहप्रांतपाल द्वितीय ला.डॉ. आशुतोष वशिष्ट, रीजन चेयरपर्सन सुरेंद्र सिंह हरसाना, जोन चैयरपर्सन महादेवी आर्य, क्लब अध्यक्ष




सुमित्रा गोलियां, सचिव राधा रानी मित्तल, कोषाध्यक्ष नीता गोयल, विजिया कोठारी, व अन्य कई सदस्याओं, परिवारजनों, मित्रों व कई आगंतुकों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। क्लब द्वारा डॉ. मीता जैन व कृष्ण कुमार गौड का माला, दुपट्टा, व मोमेन्टो देकर स्वागत किया।साथ ही सहप्रांतपाल व अन्य मेहमानों को भी दुपट्टा व मोमेन्टो से स्वागत किया। क्लब अध्यक्ष ने सभी आगंतुकों, डॉक्टर, व अस्पताल के स्टाफ को धन्यवाद देकर कार्यक्रम का समापन किया।